BRAMPTON Flower City brampton.ca

media release

तुरंत रिलीज के लिए

# सिटी ऑफ ब्रैम्पटन, घरेलू हिंसा समाप्त करने के लिए सार्वजनिक शिक्षा और जागरूकता अभियान तैयार करने के लिए भागीदार खोज रही है

ब्रैम्पटन, ओनटैरियो (29 जनवरी, 2020) – आज, अपनी कमेटी ऑफ काउंसिल (Committee of Council) मीटिंग में, ब्रैम्पटन सिटी काउंसिल (Brampton City Council) ने रीजनल काउंसलर रोएना सैन्टोस द्वारा पेश किए गए प्रस्ताव को मंज़ूरी दी। यह प्रस्ताव, ब्रैम्पटन और पील रीजन (Peel Region) में घरेलू हिंसा को समाप्त करने के लिए सार्वजनिक शिक्षा और जागरूकता अभियान तैयार करने के लिए, पील रीजनल पुलिस (Peel Regional Police), रीजन ऑफ पील (Region of Peel) और सामुदायिक संगठनों के साथ सहयोग जारी रखने के लिए है।

सितम्बर 2019 में, ब्रैम्पटन सिटी काउंसिल ने सर्वसम्मति से एक प्रस्ताव पास किया था। यह प्रस्ताव, रीजन ऑफ पील के ऐसे मौजूदा प्रोग्रामों को सहयोग करने और उनके साथ काम जारी रखने के लिए था, जो घरेलू हिंसा से प्रभावित लोगों को सेवाएं प्रदान करते हैं। इनमें शामिल हैं, पील कमेटी अगेंस्ट वूमैन अब्यूज (पी.सी.ए.डबल्यू.ए.) (Peel Committee Against Woman Abuse) (PCAWA), सेफ सेंटर ऑफ पील (Safe Centre of Peel) और विक्टिम सर्विसिज ऑफ पील (Victim Services of Peel)I

पिछले वर्ष, 100 से अधिक निवासियों, सिटी के स्टाफ और निर्वाचित अधिकारियों ने सिटी हाल (City Hall) में पी.सी.ए.डबल्यू.ए. (PCAWA) द्वारा संचालित एक कार्यक्रम, *टेक बैक द नाइट (Take Back the Night)* में हिस्सा लिया था।

सिटी ऑफ ब्रैम्पटन, रीजन ऑफ पील द्वारा संचालित कम्युनिटी सेफ्टी एंड वेल-बीइंग सिस्टम लीडरशिप टेबल (Community Safety and Well-being System Leadership Table) में हिस्सा लेती है। सिस्टम लीडरशिप टेबल, ऐसी कार्यनीतियां विकसित और लागू करने पर केंद्रित है, जो समस्याओं के ऐसे मूल कारणों का पता लगाती है, जिनका रीजन ऑफ पील में रहने वाले समुदायों की सुरक्षा और स्वास्थ्य पर नकारात्मक असर होता है। बड़े समूह के अंदर, घरेलू हिंसा सहित, पारिवारिक हिंसा की जटिल समस्या पर ध्यान देने के लिए, फैमिली वायलेंस एक्शन टेबल (Family Violence Action Table) समर्पित किया गया है।

पील रीजनल पुलिस, ब्रैम्पटन के निवासियों के लिए कई प्रकार की जानकारी और स्थानीय संसाधन (variety of information and local resources) प्रदान करती है। इनमें शामिल हैं: मदद के लिए सुरक्षित स्थान, शेल्टर, सामुदायिक काउंसलिंग, प्रोग्राम और सहयोग डिवाइसें, कानूनी संसाधन और बच्चों व बुजुर्गों के लिए सहयोग।

5 फरवरी, 2020 को काउंसिल की मंज़ूरी के बाद, सिटी इस अभियान को आगे बढ़ाने के लिए और घरेलू हिंसा समाप्त करने व सभी के लिए एक अधिक सुरक्षित शहर बनाने के लिए, स्थानीय स्टेकहोल्डर्स के साथ मिलकर काम करेगी, इनमें शामिल हैं, रीजन ऑफ पील, पील रीजनल पुलिस और सामुदायिक संगठन।

## हवाले

"घरेलू हिंसा को समाप्त करना, ब्रैम्पटन सिटी काउंसिल के लिए महत्वपूर्ण है। चूंकि काउंसिल एक स्वस्थ और सुरक्षित समुदाय के निर्माण के लिए काम करती है, इसलिए हम घरेलू हिंसा के प्रति सार्वजनिक जागरूकता को बढ़ाने, ऐसी घटनाओं की रिपोर्ट करने को प्रोत्साहित करने और ब्रैम्पटन के निवासियों के भावनात्मक व आर्थिक शोषण का मुकाबला करने के लिए रीजन और पील रीजनल पुलिस में हमारे भागीदारों के साथ मिलकर काम करने के और प्रयास कर सकते हैं।"

- *पैट्रिक ब्राउन (Patrick Brown), मेयर, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन*

"घरेलू हिंसा, ब्रैम्पटन में समुदाय में सुरक्षा संबंधी बढ़ती चिंता है। घरेलू हिंसा का मुकाबला करने में भागीदार के तौर पर, शिक्षा और जागरूकता इस समस्या से निपटने के लिए मुख्य संचालन कार्यनीतियां हैं। इस कारण ही हम सार्वजनिक जागरूकता अभियान को आगे बढ़ाने के लिए संसाधनों पर ध्यान दे रहे हैं। घरेलू हिंसा से संबंधित शोषण और मौतें बेहद परेशान करने वाली घटनाएं हैं और पूरी तरह से अनुचित हैं। हम सभी को विस्तार से बताना चाहते हैं कि वे कहां से सहयोग प्राप्त कर सकते हैं।"

- *रोएना सैन्टोस (Rowena Santos), चेयर, कम्युनिटी सर्विसिज; रीजनल काउंसलर, वाड्‌र्स 1 व 5, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन*

"मुझे लगता है कि जागरूकता बढ़ाने और सामूहिक तौर पर उन महिलाओं की रक्षा करने के लिए, सामुदायिक संगठनों को साथ भागीदारी करना, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन के लिए आवश्यक है, जो घरेलू हिंसा का शिकार बनती हैं।"

- *बलदेव मुट्टा (Baldev Mutta), चीफ एग्जीक्यूटिव अफसर, पंजाबी कम्युनिटी हेल्थ सर्विसिज*

"हर व्यक्ति हिंसा रहित ज़िंदगी जीने का हकदार है। हमारे समुदाय में महिलाओं और उनके बच्चों के जीवन में हिंसा को समाप्त करने के लिए हम सभी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।"

- *शेरोन फ्लोइड (Sharon Floyd), एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर, इंटरिम प्लेस*

"सिटी ऑफ ब्रैम्पटन का स्टाफ, घरेलू हिंसा समाप्त करने के लिए इस महत्वपूर्ण उद्देश्य के लिए और स्थानीय स्टेकहोल्डर्स के साथ सहयोग जारी रखने के लिए सदैव प्रतिबद्ध रहेगा। चूंकि हम समुदाय और हमारे रीजनल व लॉ एन्फोर्समेंट भागीदारों के साथ मिलकर यह सार्वजनिक शिक्षा और जागरूकता अभियान तैयार कर रहे हैं, हम कम्युनिटी सेफ्टी एंड वेल-बीइंग सिस्टम लीडरशिप टेबल द्वारा, पहले से जारी महत्वपूर्ण काम को आगे बढ़ा रहे हैं।"

- *डेविड बैरिक (David Barrick), चीफ एडमिनिस्ट्रेटिव अफसर, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन*

-30-

**कैनेडा में सबसे अधिक तेजी से बढ़ने वाले शहरों में से एक के तौर पर, ब्रैम्पटन 650,000 लोगों और 70,000 कारोबारियों का घर है।** हम जो भी करते हैं, लोगों को ध्यान में रखते हुए करते हैं। हम अपने विविध समुदायों से उत्साहित होते हैं, हम निवेश को आकर्षित करते हैं और हम तकनीक और वातावरण संबंधी नवीनता को आगे बढ़ाने के सफर पर हैं। हम एक ऐसा स्वस्थ शहर बनाने में प्रगति के लिए सहभागिता करते हैं, जो सुरक्षित, स्थिर व सफल हो। हमारे साथ Twitter, Facebook, और Instagram पर जुड़ें। www.brampton.ca पर और जानें।

**मीडिया संपर्क**
मोनिका दुग्गल (Monika Duggal)
कोआर्डिनेटर, मीडिया एंड कम्युनिटी एन्गेजमेंट
स्ट्रैटजिक कम्युनिकेशन
सिटी ऑफ ब्रैम्पटन
905-874-3426 | Monika.Duggal@brampton.ca